रविवार 10.05.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व, युवा सशक्तिकरण और आंतरिक शुचिता की भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने लैंसडाउन में भुल्ली सशक्तिकरण केंद्र में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण एवं उत्पादन इकाइयों का अवलोकन किया।
- कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा—राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य कर रही है।
- नई टिहरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बहुउद्देशीय विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व, युवा सशक्तिकरण और आंतरिक शुचिता की भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। श्री मोदी ने आज कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में, आर्ट ऑफ लिविंग के 45वीं जयंती समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने संस्थान में नव—निर्मित ध्यान मंदिर का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने सेवा, आध्यात्मिकता और सामाजिक परिवर्तन में आर्ट ऑफ लिविंट फाउंडेशन की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में स्वस्थ युवाओं की अहम भूमिका है।

**राज्यपाल गुरमीत सिंह**

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अपने दो दिवसीय लैंसडाउन प्रवास के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं अधिकारियों से संवाद किया। राज्यपाल ने पहले वॉर मेमोरियल में राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसक बाद वे सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के साथ आयोजित सैनिक सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सैनिक जीवन अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है और भारतीय सेना सदैव देश की सुरक्षा एवं गौरव की प्रतीक रही है। इसके बाद राज्यपाल ने "भुल्ली सशक्तिकरण केंद्र" में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण एवं उत्पादन इकाइयों का अवलोकन किया और वहां कार्यरत महिलाओं एवं कार्मिकों से संवाद किया। राज्यपाल ने केंद्र की कार्यों की जमकर सराहना की।

शिक्षा मंत्रालय

शिक्षा मंत्रालय गर्मी की छुट्टियों में, देश के सभी स्कूल में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करेगा। एक सप्ताह का यह शिविर भारतीय भाषाओं में बुनियादी संवाद कौशल सीखने, शब्दों को जानने, अपना परिचय देने, वास्तविक जीवन की बातचीत और संस्कृति की सराहना पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरुप समावेशी और समान शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

**संसदीय स्थायी समिति**

संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष बृज लाल और समिति के सदस्यों ने आज बदरीनाथ धाम के दर्शन किए। जिसके बाद समिति के सदस्यों ने बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन भी किया। उन्होंने यात्री सुविधाओं, सौंदर्यीकरण, नदी तट विकास, पैदल मार्गों, सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं आधारभूत संरचनाओं को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। समिति सदस्यों ने कहा कि बदरीनाथ धाम में परंपरा और आधुनिकता का संतुलित एवं आकर्षक स्वरूप विकसित किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को अधिक सुव्यवस्थित एवं सुगम सुविधाएं प्राप्त होंगी और धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।

## पौड़ी

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और डॉ. धन सिंह रावत ने सतपुली के खैरासैंण में नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय भवन का उद्घाटन किया। श्री महाराज ने कहा कि यह केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के सपनों को नयी उड़ान देने का प्रयास है। इस दौरान डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को भी शहरों जैसी शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि वे प्रतियोगी दौर में पीछे न रहें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य कर रही है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के लिए तैयार करने का आह्वान किया।

## बहुउद्देशीय विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर

नई टिहरी में उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की और से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी गढ़वाल द्वारा बहुउद्देशीय विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित शिविर में आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं विभिन्न प्रमाण पत्रों की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने लोगों से अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। शिविर में राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, शिक्षा, पुलिस और पशुपालन सहित कई विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान आय, जाति, दिव्यांग एवं जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया।

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार मणि ने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आयोजित किया जाता है।

## चमोली

चमोली जिले के गोपेश्वर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज से दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जनपद की आठ सर्वश्रेष्ठ टीमें प्रतिभाग कर रही है। विजेता टीम को 21 व उपविजेता टीम को 11 हजार की नगद धनराशि और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी । प्रतियोगिता के संयोजक दीपांकर परमार ने बताया कि जिला स्तरीय टूर्नामेंट में जिले की सर्वश्रेष्ठ 8 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इसके साथ ही प्रत्येक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को भी सम्मानित किया जाएगा।

## मौसम

राज्य में कल से मौसम एक बार फिर बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने पर्वतीय जिलों में गरज–चमक, तेज हवाओं और बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं मैदानी जिलों में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। 4 हजार 500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। विभाग ने पर्वतीय जिलों में आकाशीय बिजली चमकने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। वहीं 12 और 13 मई को मौसम गतिविधियों में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं तेज बारिश, ओलावृष्टि और 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने चारधाम यात्रा पर जाने वाले यात्रियों और पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।